Daily Current Affairs 23 June 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 22 जून को मनाया गया विश्व वर्षावन दिवस
• प्रतिवर्ष 22 जून को विश्व वर्षावन दिवस (World Rainforest Day) के रूप में मनाया जाता है। इस साल इस दिन की थीम The Time is Now है। इसका उद्देश्य दुनियाभर के वर्षावनों को सम्मानित करना और लोगों को वनों की कटाई के जोखिमों के बारे में जागरूक करना, वर्तमान में वर्षावनों की सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को उठाना और वर्षावनों की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करना है।

2. असम वन नेशन वन राशन कार्ड को लागू करने वाला अंतिम प्रदेश बना
• असम वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) को लागू करने वाला 36वाँ राज्य/केंद्रशासित प्रदेश बन गया है। इसके साथ ही ONORC कार्यक्रम को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे पूरे देश में खाद्य सुरक्षा निश्चित हुई है।
• ONORC योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिये सरकार ने 'मेरा राशन' मोबाइल एप्लीकेशन भी शुरू किया है। मोबाइल ऐप लाभार्थियों को उपयोगी रीयल-टाइम जानकारी प्रदान कर रहा है और यह 13 भाषाओं में उपलब्ध है।

3. देश की पहली भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन दिल्ली से हुई रवाना
• 21 जून, 2022 को इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (IRCTC) की 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन' ने नई दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 18 दिवसीय श्री रामायण यात्रा शुरू की है। यह देश की पहली भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन है। यह भारत और नेपाल को जोड़ने वाली पहली पर्यटक ट्रेन है।
• रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने झंडी दिखाकर टूरिस्ट ट्रेन को रवाना किया है। आपको बता दे कि हाल ही में भारत गौरव स्कीम के तहत देश की पहली प्राइवेट ट्रेन कोयंबटूर से साईं नगर शिरडी शुरू हुई थी।

4. भारत की महिला कुश्ती टीम ने अंडर-17 एशियाई चैम्पियनशिप का खिताब जीता
• 21 जून, 2022 को भारत की महिला कुश्ती टीम ने किर्गिजस्तान के बिश्केक में अंडर-17 एशियाई चैम्पियनशिप का खिताब जीता है। भारत आठ स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ 235 अंक लेकर शीर्ष पर रहा। जापान 143 अंक के साथ दूसरे और मंगोलिया 138 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

5. केंद्रीय मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने पुरी में 20वें लोक मेले और 13वें कृषि मेले का किया उद्घाटन
• 20 जून, 2022 को जनजातीय मामलों और जल शक्ति राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने ओडिशा के पुरी में '20वें लोक मेले' (राष्ट्रीय आदिवासी/लोक गीत और नृत्य उत्सव) और '13वें कृषि मेले 2022' का उद्घाटन किया है।

Daily Current Affairs 23 June 2022

• आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने और कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो मेले 05 दिनों तक जारी रहेंगे और 24 जून को इसका समापन होगा।

6. UN में भारत की अगली स्थायी प्रतिनिधि होंगी रुचिरा कंबोज
• 21 जून, 2022 को सीनियर राजनयिक रुचिरा कंबोज को संयुक्त राष्ट्र में भारत की अगली राजदूत/स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। वर्ष 1987 बैच की भारतीय विदेश सेवा (IFS) की अधिकारी रुचिरा कंबोज मौजूदा वक्त में भूटान में भारत की राजदूत के तौर में कार्यरत हैं।
• यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त होने वाली रुचिरा कंबोज संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत के रूप में टीएस तिरुमूर्ति की जगह लेंगी। विदेश मंत्रालय ने अपने संक्षिप्त बयान में कहा कि उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

7. केरल में पहली बार देखी गई एक दुर्लभ ड्रैगनफ्लाई
• हाल ही में केरल राज्य में पहली बार एक दुर्लभ ड्रैगनफ्लाई बर्मागोम्फस चौकुलेंसिस (Burmagomphus chaukulensis) को देखा गया। इससे पूर्व असम में ड्रैगनफ्लाई की एक नई प्रजाति 'प्लेटीगोम्फस बेनरिटारम' की खोज की गई थी।
• यह जीनस बर्मागोम्फस ड्रैगनफ्लाई का है। इस जीनस की अन्य सभी प्रजातियाँ पश्चिमी और पूर्वी हिमालय में पाई जाती हैं। यह प्रजाति पश्चिमी घाट के लिये स्थानिक मानी जाती है।

8. केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'निपुण' पहल की शुरूआत की
• 20 जून, 2022 को केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने निर्माण श्रमिकों के कौशल प्रशिक्षण के लिए 'निपुण' (NIPUN) नाम से एक अभिनव परियोजना का शुभारंभ किया है। NIPUN का पूरा नाम National Initiative for Promotion of Upskilling of Nirman workers है।

9. हरियाणा के मुख्यमंत्री ने डॉ सोनू फोगट की पुस्तक 'अष्टांग योग' का विमोचन किया
• 20 जून, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. सोनू फोगट द्वारा लिखी गई पुस्तक 'अष्टांग योग' (Ashtang Yoga) का विमोचन किया है।
• मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग का संकल्प लेना चाहिए और अपनों को भी इस संकल्प के साथ जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि योग से सहयोग तक का मंत्र हमें एक नए भविष्य का मार्ग दिखाएगा।

10. आंध्र प्रदेश ने बधिरों के लिए पहले अंडर-19 राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट का खिताब जीता
• हाल ही में आंध्र प्रदेश ने भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (IDCA) द्वारा आयोजित पहली अंडर-19 टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता है। आंध्र प्रदेश ने फाइनल में गुजरात को पांच विकेट से हराया है।
• देश भर की टीमों ने 16 से 19 जून, 2022 तक आयोजित टूर्नामेंट में चुनौती पेश की। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (IDCA) के अध्यक्ष सुमित जैन ने बयान में कहा, 'भारतीय बधिर क्रिकेट संघ टूर्नामेंट के पहले सत्र के विजेता के नाम की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है, आंध्र प्रदेश ने खिताब जीता है।